NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No. 9 / NCRES / 20 दिनांक 6.01.2020

श्रीमान महाप्रबन्धक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, इलाहाबाद

विषयः— श्री सुदेश कुमार पुत्र स्व. मोहन सिंह पूर्व टेक्नी. (टी.आर.डी) ललितपुर, झांसी को सीनियर क्लर्क ग्रेड पे—2800 में अनुकम्पा आधार पर नियुक्ति देने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भः— NCRES का पत्र दिनांक 30.10.2019

महोदय,

अवगत कराना है कि श्री सुदेश कुमार की योग्यता MSc (AG) है इसलिये अनुकम्पा आधार पर नियुक्ति देने के लिये श्री सुदेश कुमार को ग्रेजुएट स्तर की परीक्षा में शामिल किया गया जिसमे सफल घोषित होने पर श्री सुदेश कुमार की मेडिकल जांच हुई और जांच में श्री सुदेश कुमार को B-2 कैटेगिरी में फिट घोषित किया गया।

B-2 कैटेगिरी में फिट घोषित किये जाने के बाद झांसी मण्डल ने श्री सुदेश कुमार की योग्यता पर ध्यान नही दिया और उन्हें मिनिस्ट्रीयल कैडर के बजाय पार्सल पोर्टर GP-1800 में नियुक्ति का Offer दिया है। श्री सुदेश कुमार लगातार अनुरोध कर रहे है कि उन्हें उनकी योग्यता के अनुसार सीनियर क्लर्क GP-2800 में नियुक्ति प्रदान किया जाय लेकिन झांसी मण्डल ने नियुक्ति नही प्रदान किया।

यह भी अवगत कराना है कि दिनांक 19.09.2019 को आपके झांसी आगमन पर NCRES के मण्डल अध्यक्ष और मण्डल सचिव ने श्री सुदेश कुमार की नियुक्ति के बारे में चर्चा कर आपसे अनुरोध किया था कि अनुकम्पा आधार पर पुरूष अभ्यर्थियों को भी मिनिस्ट्रीयल कैडर में नियुक्ति दिया जाना चाहिये तब आपने सहमति व्यक्त किया था लेकिन प्रधान कार्यालय ने आपके अनुमोदन के लिये श्री सुदेश कुमार पुत्र स्व. मोहन लाल पूर्व टेक्नी (टी.आर.डी.), ललितपुर, झांसी के नियुक्ति का केस अभी तक झांसी से नही मंगाया है जिसके कारण स्व. मोहन लाल टेक्नीशियन का परिवार बहुत कष्ट में है।

NCRES का अनुरोध है कि श्री सुदेश कुमार पुत्र स्व. मोहन लाल के नियुक्ति की फाइल मंगाकर सीनियर क्लर्क GP-2800 में नियुक्ति देने के लिये उचित आदेश करने की कृपा करें।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री

प्रतिलिपि :— प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, इलाहाबाद